राजबाला वर्मा, भा.प्र.से.
Rajbala Verma, I.A.S

सरकार के मुख्य सचिव
झारखण्ड सरकार
Chief Secretary to Government
Government of Jharkhand

झारखण्ड सरकार

पत्रांक ITSec2/GEM-pur-1/2017/IT-2218/C.S
राँची दिनांक 01/09/17

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव
सभी प्रधान सचिव
सभी सचिव
सभी उपायुक्त, झारखण्ड।

विषय: दिनांक 15.09.2017 से GeM (Government e-Marketplace) के माध्यम से अनिवार्य रूप से क्रय ।

महाशय,

GeM पोर्टल का निर्माण सरकारी संगठनो हेतु पारदर्शी एव दक्ष क्रय प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। इस पोर्टल पर सत्तर हजार से भी अधिक उत्पाद न केवल उपलब्ध है, वरन् इन उत्पादो का क्रय छः हजार से भी अधिक केन्द्र राज्य व सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा किया जा रहा है। इस पोर्टल पर विक्रेताओ एव क्रेताओं की संख्या इस पोर्टल की सुगमता व कार्य दक्षता के कारण बढती जा रही है।

2. इस पोर्टल से राज्य सरकार के सरकारी संगठनो को भी लाभान्वित करने एवं लोक क्रय GeM पोर्टल से ही करने हेतु अबतक निम्नलिखित कार्रवाई की जा चुकी है–

(i) झारखंड सरकार एवं GeM, भारत सरकार के मध्य एकरारनामा ।
(ii) GFR मे आवश्यक संशोधन।
(iii) सभी विभागों एवं विक्रेताओ को GeM के माध्यम से क्रय करने हेतु प्रशिक्षण ।
(iv) जिला स्तर पर सभी DPO/DIO हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।
(v) 15 सितम्बर 2017 से सारे Public Procurement इसी माध्यम से करने का निर्णय ।

3. **GeM के माध्यम से क्रय करने हेतु अपेक्षित कार्रवाई :**

(i) GeM पोर्टल से अवगत कराने हेतु पदाधिकारियो/कर्मियो के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।
(ii) चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं अन्य व्यापारिक संगठनो का GeM मे निबंधन ।
(iii) प्रमुख स्थानो पर मोबाईल कैम्प लगाकर प्रचार–प्रसार।

उपर्युक्त कार्य 14 सितम्बर, 2017 तक निश्चित रूप से कर लिए जाएं एवं 15 सितम्बर, 2017 से public procurement के सारे कार्य GeM के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन,

1.9.2017

(राजबाला वर्मा)

MOMENTUM
JHARKHAND

Scanned with CamScanner